>

Title**:** Need to exempt Agriculture Produce Market Committee of Unjha, Mehsana district of Gujarat from Income Tax.

श्री जीवाभाई ए. पटेल (मेहसाना) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र मेहसाना जिले में ऊँझां में मसालों की एक अंतर्राष्ट्रीय मार्कीट है जहां से पूरी दुनिया में धनिया, जीरा, कडियारी, राई एवं दिवालिया इत्यादि का निर्यात किया जाता है। इस कार्य के लिए किसानों की एक कॉऑपरेटिव सोसायटी ए.पी.एम. सी कार्यरत है, जो किसानों को मसालों के उत्पादन एवं उनके निर्यात करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और किसानों को ऋण, मसाले संबंधी अनुसंधान में समय समय पर सहायता करती है और जिसका उद्देश्य नो लोस एवं नो प्रोफिट का होता है, परन्तु केन्द्र सरकार ए.पी.एम.सी पर आयकर लगाती है जो किसानों के साथ अन्याय है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि एम.पी.एम.सी पर जो आयकर लगाया जाता है उसे तत्काल हटाया जाये।